F.Y.
July 2017

Reg. No. ....................................

Name ........................................

838

# First Year Higher Secondary Improvement Examination

## Part - III

## HINDI (OPTIONAL)

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours
Cool off time : 15 Minutes

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'Cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2½ hrs.
- You are neither allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool off time'.
- Use the 'cool off time' to get familiar with questions and to plan your answers.
- Read the questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.

**सूचना :** निम्नांकित कवितांश पढ़िए और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

इन नए बसते इलाकों में
जहाँ रोज़ बन रहे हैं नए-नए मकान
मैं अक्सर रास्ता भूल जाता हूँ
धोखा दे जाते हैं पुराने निशान
खोजता हूँ ताकता पीपल का पेड़
खोजता हूँ ढ़हा हुआ घर
और ज़मीन का खाली टुकड़ा जहाँ से बाएँ
मुड़ना था मुझे

1. यह किस कविता का अंश है? **(1)**
2. नए-नए मकान कहाँ बन रहे हैं? **(1)**
3. कवि क्या-क्या खोजता है? **(2)**
4. कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखिए । **(7)**

**सूचना :** 'महात्मा गाँधी' संस्मरण का अंश पढ़िए और **5** से **8** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

उन्होंने कहा, जो स्वर हृदय से निकलता है, आत्मा से प्रस्फुटित होता है, वही संगीत है और इस दृष्टि से मैं भी अच्छा गायक हूँ । क्योंकि हर बात को मैं अपने अंतस्थल से कहता हूँ । तुम भी जो बात कहो वह कंठ से न कहो, हृदय से कहो ।

5. संगीत माने क्या है? **(2)**

6. संस्मरण के अंश से तीन सर्वनाम चुनकर लिखिए । **(3)**

7. संस्मरण से 'गायक' शब्द का विशेषण शब्द ढूँढ़कर लिखिए । **(1)**

8. लेखक के उस दिन की डायरी लिखिए । **(7)**
   - गाँधीजी से मिलना ।
   - लेखक पर गाँधीजी का असर ।

**सूचना :** निम्नांकित दोहा पढ़िए और प्रश्न संख्या **9** और **10** के उत्तर लिखिए।

जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान ।
मोल करो तरवार का, पड़ा रहन दो म्यान ।।

9. 'तलवार' शब्द का समानार्थी शब्द दोहे से लिखिए । **(1)**

10. दोहे का भावार्थ लिखिए । **(4)**

**सूचना :** निम्नलिखित गद्यांश पढ़िए और **11** से **17** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

एक बार सब विद्यार्थी खेल रहे थे कि उनमें से एक अंग्रेज़ विद्यार्थी बोला कि भारतीय बहुत नीच होते हैं । यह सुनकर सभी भारतीय बालक तिलमिला उठे, पर वे एक–दूसरे की ओर देखने लगे । अब सुभाष बोस से रहा न गया और एकदम उन अंग्रेज़ लड़कों के सामने जाकर क्रोध से बोले, ''मैं भारतीय हूँ, बोलो क्या कहते हो?'' बालक सुभाष का यह रूप देखकर अंग्रेज़ बालकों के तोते उड़ गए और वे अपराधी की तरह भूमि की ओर देखने लगे।

जब उनसे कोई उत्तर नहीं मिला, तो हमारे नेताजी सुभाष बोस उनकी ओर बढ़े और बोले, ''भारतीय नीच होते हैं?'' ऐसा कहकर उन्होंने उस अंग्रेज़ विद्यार्थी को ठोकर से भूमि पर गिरा दिया।

(तिलमिला उठे – नाराज़ हो गए, तोते उड़ गए – शक्ति क्षीण हो गई,
ठोकर से – धकेलकर (pushed))

11. सब विद्यार्थी क्या कर रहे थे? **(1)**

12. एक अंग्रेज़ छात्र क्या बोला? **(2)**

13. सुभाष बोस ने अंग्रेज़ बालक को क्या किया? **(2)**

14. गद्यांश से पाँच क्रिया शब्द चुनकर लिखिए । **(5)**

15. उपर्युक्त घटना पर सुभाष बोस और उसके किसी मित्र के बीच का संभावित वार्तालाप लिखिए । **(6)**

16. उपर्युक्त गद्यांश का संक्षेपण कीजिए । **(6)**

17. संक्षेपण के लिए उचित शीर्षक लिखिए । **(1)**

**सूचना :** यह वाक्य पढ़िए और प्रश्नसंख्या 18 का उत्तर लिखिए ।

रीतिकाल आलंकारिकता एवं साहित्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण समय है ।

18. रीतिकालीन काव्य की चार प्रवृत्तियाँ लिखिए । **(4)**

**सूचना :** निम्नलिखित 19 से 23 तक के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** के उत्तर लिखिए । **(3 × 8 = 24)**

19. 'भारत की राजभाषा' इस विषय पर निबंध लिखिए ।

- हिंदी भारत की राजभाषा
- भारत की संपर्क भाषा
- एकता की कड़ी
- संस्कृति का वाहक

20. भैंस के मर जाने के बाद जो परेशानियाँ झेलनी पड़ीं, उनका वर्णन करते हुए माँ, बेटे के नाम पत्र भेजती है । वह पत्र लिखिए ।

- भैंस की मृत्यु
- माँ का परसा के पास जाना
- गाँव का परिवर्तन

21. ''अब सो जाओ माँ'', कहते हुए शामनाथ अपने कमरे की ओर घूम गए । इस घटना का वर्णन, माँ अपनी आत्मकथा में लिखती है । वह आत्मकथांश तैयार कीजिए ।

- बेटे की उपेक्षा पर दुख ।
- बेटे की तरक्की पर खुशी ।
- माँ का ममताभरा दिल ।

22. 'प्रेमाश्रयी काव्य की विशेषताएँ' पर संगोष्ठी आलेख तैयार कीजिए ।

- राजनीतिक-सामाजिक परिस्थितियाँ
- निर्गुण काव्य के दो रुप
- सूफी सिद्धांतों का प्रभाव

23. 'आदिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियों' का उल्लेख करते हुए लेख लिखिए ।

- वीरतापूर्ण काव्य का सृजन
- दरबारी कवि
- युद्धों का वर्णन
- प्रमुख रचनाएँ

HSE I July 2017

HINDI (optional)

Code No: 838 July 2017

**FIRST YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, ~~MARCH /~~ SEPTEMBER 20 .....**

| Qn. No. | Sub Qns | Answer Key / Value points | Score | Total |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | नए इलाके में | 1 | 1 |
| 2. | | इलाकों में | 1 | 1 |
| 3. | | कविता का आशय ग्रहण किया है। | 2 | 2 |
| 4 | | • कवि का परिचय है। | 1 | 7 |
| | | • काव्य-धारा और रचना-काल की सूचना है | 2 | |
| | | • कविता का सार है। | 2 | |
| | | • कविता का विश्लेषण किया है। | 2 | |
| 5 | | सही आशय ग्रहण है। | 2 | 2 |
| 6 | | सही सर्वनामों का चयन है। | 1x3 | 3 |
| 7 | | अच्छा | 1 | 1 |
| 8 | | • अनुभव की सूचना है। | 1 | 7 |
| | | • संवेदना की अनुभूति है। | 2 | |
| | | • आत्मसंघर्ष की अभिव्यक्ति है। | 2 | |
| | | • आत्मपरक शैली है। | 2 | |
| 9. | | तलवार | 1 | 1 |
| 10 | | आशय ग्रहण किया है। | 2 | 4 |
| | | विश्लेषण किया है | 2 | |
| 11 | | खेल रहे थे | 1 | 1 |
| 12 | | भारतीय नीच होते हैं। | 2 | 2 |
| 13 | | आशय ग्रहण करके लिखा है। | 2 | 2 |
| 14 | | हिन्दी पाँच क्रिया शब्द. | 1x5 | 5 |

| Qn. No. | Sub Qns | Answer Key / Value points | Score | Total |
|---|---|---|---|---|
| 15 | | • प्रसंगानुसार अभिव्यक्ति है। | 1 | 6 |
| | | • स्वाभाविक शुरुआत है। | 1 | |
| | | • प्रवाहमयता है। | 2 | |
| | | • कल्पना है। | 1 | |
| | | • स्वाभाविक अंत है। | 1 | |
| 16 | | • मुख्य आशयों का चयन किया है। | 2 | 6 |
| | | • अनावश्यक विस्तार को छोड़ा है। | 2 | |
| | | • अपनी भाषा में आशय प्रस्तुत किया है। | 2 | |
| 17 | | उचित शीर्षक है | 1 | 1 |
| 18 | | किन्हीं चार विशेषताएँ लिखी है | 4 | 4 |
| 19 | | • भूमिका है। | 2 | 8 |
| | | • सभी बिंदुओं का समावेश है। | 2 | |
| | | • अपने मत का समर्थन है। | 2 | |
| | | • उपसंहार है। | 2 | |
| 20 | | • स्वाभाविक शुरुआत है। | 2 | 8 |
| | | • परेशानियों का उल्लेख है। | 2 | |
| | | • आत्मसंघर्ष की अभिव्यक्ति है। | 2 | |
| | | • पत्र की रूपरेखा है। | 2 | |

| Qn. No. | Sub Qns | Answer Key / Value points | Score | Total |
|---|---|---|---|---|
| २१ | | • अनुभवों की सूचना है। | २ | ८ |
| | | • अनुभवों को क्रमबद्ध्य किया है। | २ | |
| | | • संवेदना की अभिव्यक्ति है। | २ | |
| | | • आत्मनिष्ठ भाषा है। | २ | |
| २२ | | • भूमिका है। | २ | ८ |
| | | • विशेषताओं का समावेश है। | २ | |
| | | • क्रमबद्धता है। | २ | |
| | | • उपसंहार है। | २ | |
| २३ | | • भूमिका है। | २ | ८ |
| | | • प्रवृत्तियों का समावेश है। | २ | |
| | | • क्रमबद्धता है। | २ | |
| | | • उपसंहार है। | २ | |